# तरुण चुघ-रजनीश अग्रवाल ने भरा नामांकन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे मौजूद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 जून . राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के दोनों उम्मीदवार तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल ने शनिवार को विधानसभा सचिवालय परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल किया.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित लगभग आधा मंत्रिमंडल और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. भाजपा ने इस मौके पर संगठनात्मक एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया.

भाजपा ने दोनों प्रत्याशियों के नामांकन की अंतिम तिथि से दो दिन पहले ही प्रक्रिया पूरी कर यह संकेत देने की कोशिश की कि वह चुनावी तैयारी में कांग्रेस से आगे है. नामांकन 8 जून तक भरे जा सकते हैं, जबकि 9 जून को स्क्रूटनी और 11 जून तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी. मतदान 18 जून को होगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे.



प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटें खाली हो रही हैं. विधानसभा की मौजूदा संख्या के अनुसार एक सीट जीतने के लिए 57 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता है. भाजपा के पास दो सीटों पर स्पष्ट बढ़त है, जबकि तीसरी सीट को लेकर मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है. क्रॉस वोटिंग और अन्य समीकरणों के आधार पर भाजपा तीसरे उम्मीदवार की संभावनाएं भी तलाश रही है.

मीनाक्षी नटराजन को कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उनका अंदरुनी तौर पर विरोध भी शुरू हो गया है, ऐसे में भाजपा तीसरे उम्मीदवार के लिए भी संभावनाएं तलाशने में जुट गई है.

230 सदस्यों वाले मप्र विधानसभा में राज्यसभा के लिए इस बार 228 उम्मीदवार ही मतदान कर सकेंगे. कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा मतदान के लिए अपात्र हैं, वहीं दतिया से राजेन्द्र भारती की सदस्यता शून्य घोषित कर दी गई है. एक सीट के लिए 57 विधायकों की जरुरत होती है. तीसरी सीट के लिए भाजपा के पास भारत आदिवासी पार्टी के एक विधायक को मिलाकर 52 सदस्य हो सकते हैं. कांग्रेस की निर्मला सप्रे का साथ भी भाजपा को मिला हुआ है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दोनों प्रत्याशी राज्यसभा में प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी करेंगे और गरीब, युवा, महिला व किसान कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं को अवसर देकर भाजपा ने अपनी कार्य संस्कृति का परिचय दिया है. उम्मीदवार तरुण चुघ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और मध्यप्रदेश से राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान की बात है. वहीं रजनीश अग्रवाल ने नेतृत्व को 'देवतुल्य' बताते हुए कहा कि पार्टी में सामान्य कार्यकर्ताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी मिलना इसकी सबसे बड़ी विशेषता है.

## मंत्रालय के गलियारे से

# कार्यकर्ताओं के नाम पर पदाधिकारियों से संवाद

कन्हैया लोधी



प्रदेश के सत्ताधारी दल ने जमीनी कार्यकर्ताओं की सरकार तक पहुंच बनाने के लिए संवाद का नवाचार शुरू किया है, लेकिन ये नवाचार पॉवर के फेर में उलझता नजर आ रहा है. बताया जा रहा है कि इस संवाद में जिलों के पदाधिकारियों को ज्यादा मौका मिल रहा है, जमीनी कार्यकर्ताओं की पहुंच दूर हो रही है. ये पदाधिकारी या जिले के बड़े नेता मंत्रियों के पास आकर अपनी बात रखते हैं, जिलों का हाल-चाल देते हैं फिर कुछ निजी समस्याओं का समाधान का भरोसा लेकर लेकर वापस लौट जाते हैं. स्क्रीनिंग की प्रक्रिया में बड़े पदाधिकारी तो मौका पा रहे हैं, लेकिन छोटे कार्यकर्ता जिला कार्यालय से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं. देखना है कि इसमें कुछ बदलाव होता है या फिर ये बदस्तूर जारी रहता है.

### विभाग अब असमंजस में

सैर-सपाटे से जुड़ा विभाग एक अलग ही असमंजस में फंस गया है. दरअसल सरकार ने इस महकमे को मेट्रो को प्रॉफिट में लाने के लिए भीड़ बढ़ाने की जिम्मेदारी दे दी है. अब विभाग को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर करें तो क्या करें. आखिर उनकी विशेषज्ञता दूसरे मामले में है, प्रॉफिट में लाने वाले महकमे ने अपने कंधे का भार इस विभाग पर डाल दिया है, अब विभाग के अफसर टेंशन में है कि आखिर क्या उपाय करें. जिससे कि सरकार की भावनाओं का सम्मान हो जाए.

### तो क्या विधायक की चल गई

सत्ताधारी दल से जुड़े एक बाहुबली विधायक अपने बड़बोलेपन से लगातार सुर्खियों में है. एक विवाद थमता नहीं कि दूसरे का दामन थाम लेते हैं. कुछ माह पहले उन्होंने एक पुलिस अफसर से अदावत ली थी. इस कारण उन्हें भोपाल तक तलब किया गया था, लेकिन ताजा मामले में अब पुलिस अफसर की जिले से रवानगी हो गई है. तो क्या विवाद में बाहुबली विधायक भारी पड़ गए और क्या उनकी चल गई.... परिणाम देखकर तो यही लगता है.

### मन भारी हो गया, लेकिन इजहार भी नहीं कर सकते

भाजपा ने दो राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित किए. कई कद्दावरों को धता बताते हुए भाजपा ने प्रदेश के एक बेहद लो प्रोफाइल वाले नेता को मौका दिया. खबरें मिलीं की एक कद्दावर दावेदार का इस घोषणा के बाद मन भारी हो गया. उन्होंने इसके लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था, संघ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगाई थी, लेकिन नतीजा उनके पक्ष में नहीं रहा. उनकी पीड़ा ये रही कि वे अपनी पीड़ा का इजहार भी नहीं कर सकते.

## एक नजर में

### सोन नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**उमरिया.** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के इंदवार थाना अंतर्गत सोन नदी के भोलगढ घाट में नहाते समय डूबने से लापता युवक का शव शनिवार सुबह बरामद कर लिया गया. शुक्रवार को सोन नदी में नहाते समय तीन युवकों के डूबने के दौरान उनमें से दो को बचा लिया गया लेकिन एक को नहीं बचाया जा सका और वह नदी में डूब गया. जिसकी तलाश में बचाव अभियान चलाया गया लेकिन देर रात तक शव का पता नहीं चल सका. आज सुबह शव नदी में तैरता हुआ मिला. मृतक की पहचान आलोक द्विवेदी के रूप में हुयी है. शव परीक्षण उपरांत परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए दे दिया गया.

### कुख्यात गैंगस्टर एवं ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**उज्जैन.** मध्य प्रदेश के उज्जैन की चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने ड्रग तस्कर एवं कुख्यात गैंगस्टर को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. पुलिस थाना चिमनगंज मंडी पुलिस थाने में कुख्यात गैंगस्टर एवं ड्रग्स तस्कर बुंदेला परिवार के सदस्य धर्मेंद्र उर्फ धम्मू बुंदेला को 28 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया. प्रकरण की विवेचना के दौरान जब्त मादक पदार्थ का स्रोत छिंगा उर्फ यशवेन्द्र बुंदेला एवं उसका भाई काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला नाम सामने आया था. धर्मेंद्र बुंदेला की गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी काला बुंदेला एवं छिंगा बुंदेला लगातार फरार चल रहा था.

# मौसम : भीषण गर्मी से मिली लोगों को राहत



**45 जिलों में बारिश के आसार बने**

**प्री-मानसून सक्रिय, प्रदेश में बारिश का अलर्ट**

**भोपाल, 6 जून. मध्य प्रदेश में मानसून से पहले ही प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं. प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिली है.**

मौसम विभाग ने अधिकांश जिलों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताते हुए कई क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के ऊपर सक्रिय तीन चक्रवाती परिसंचरण प्रणालियों के कारण मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है. गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, देवास, हरदा और बैतूल जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना है.

वहीं भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल समेत 45 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार बने हुए हैं. लगातार बारिश और बादलों की आवाजाही से प्रदेश के अधिकांश शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है. श्योपुर प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भोपाल में 35.5 डिग्री, इंदौर में 35.1 डिग्री, उज्जैन में 35 डिग्री, ग्वालियर में 37.9 डिग्री और जबलपुर में 37.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. शुक्रवार शाम भोपाल सहित कई शहरों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली.

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार मध्यप्रदेश में मानसून सामान्य तिथि 15 जून के बजाय 20 से 22 जून के बीच प्रवेश कर सकता है. फिलहाल अगले कुछ दिनों तक प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय रहेंगी, जिससे प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा और कई जिलों में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है.

### जमीन विवाद : दो पक्षों में मारपीट, 7 घायल

**धार.** जिले के बदनावर तहसील के ग्राम खेरोद में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में शनिवार दोपहर खूनी संघर्ष हो गया. जिसमें दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद के दौरान एक पक्ष के लोगों ने बंदूक से हवाई फायर भी किए थे, घटना की सूचना मिलते ही सादलपुर पुलिस टीम सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पारुल बेलापुरकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की. जिस जमीन को लेकर विवाद चल रहा हैं, उस जमीन को शासकीय बताई जा रही है. जिसपर दोनों ही पक्ष कब्जा करना चाहते थे. पुलिस ने जमीन को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी है.

# त्वरित इलाज से बचाई जा सकती है जिंदगी

## विदिशा मेडिकल कॉलेज में कैंसर उपचार की नई पहल : शुक्ल

**विदिशा , 6 जून. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान की पहल पर अटल बिहारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में तीन दिवसीय कैंसर जांच एवं उपचार शिविर का शुभारंभ हुआ.**

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित जनप्रतिनिधि, विशेषज्ञ चिकित्सक और बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित रहे. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान और त्वरित इलाज से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है. उन्होंने बताया कि विदिशा में कैंसर यूनिट स्थापित होने से मरीजों को मुंबई जैसे दूरस्थ शहरों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा. उन्होंने तंबाकू, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया. राजेंद्र शुक्ल ने घोषणा की कि विदिशा मेडिकल कॉलेज में देश की प्रतिष्ठित टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से कैंसर उपचार की विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी. उन्होंने बताया कि प्रदेश में कैंसर जागरूकता, जांच और उपचार को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है.



### 87 अवैध और 23 धारदार हथियार जब्त

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अवैध हथियारों के नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए राज्य पुलिस की लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है. विगत 15 दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने अवैध हथियार निर्माण, तस्करी, विक्रय एवं उपयोग में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए 87 अवैध हथियार, 23 धारदार हथियार एवं हथियार निर्माण उपकरण जब्त किए गए हैं. थाना भीकनगाँव एवं चौकी बमनाला पुलिस ने मामलों में अवैध हथियारों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 अवैध देशी पिस्टल, देशी कट्टा, मोबाइल फोन एवं हथियार परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई.

# यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दी सीख

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 6 जून. मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में आयोजित तीन माह अवधि के परिवहन उप निरीक्षक बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. 9 मार्च से 5 जून तक संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 21 परिवहन उप निरीक्षकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया.**

समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए पुलिस सेवा में सत्यनिष्ठा, अनुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशीलता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान एवं कौशल का उपयोग नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने तथा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में किया जाना चाहिए. प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को नवीन आपराधिक कानूनों, मोटरयान अधिनियम, पुलिस नियमों एवं प्रक्रियाओं, नेतृत्व विकास, व्यावसायिक दक्षता तथा पुलिस अनुशासन जैसे विषयों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया.



# जेम बालिकाओं को 150 साइकिल मिली उपहार

## एनटीपीसी विंध्याचल ने प्रदान किया बालिकाओं को नि :शुल्क साइकिल

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 6 जून। बालिका सशक्तिकरण की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने जेम की प्रतिभागी बालिकाओं के लिए विशेष साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया।**

इस अवसर पर 150 बालिकाओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें सुरक्षित, सुविधाजनक एवं स्वतंत्र आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह पहल बालिकाओं की निरंतर शिक्षा, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख एवं चित्रलेखा साहा अध्यक्षा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय असाती, परियोजना प्रमुख तथा श्रीमती नीलू असाती, अध्यक्षा मौजूद रहीं।



इस अवसर पर प्रणय कुमार नायक महाप्रबंधक, रिहंद रश्मि मोहंती उपाध्यक्षा, एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ भी मौजूद रहीं। समारोह के दौरान 150 साइकिलों का वितरण केवल एक भौतिक सहायता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, अवसर और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बना। बालिकाओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस पहल के माध्यम से उन्हें शिक्षा प्राप्त करने, अपने लक्ष्यों को हासिल करने तथा जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए नई प्रेरणा मिली। एनटीपीसी विंध्याचल अपनी विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### समान ओव्हरब्रिज पर दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग

**रीवा, 6 जून,** रीवा शहर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की वारदात से हड़कंप मच गया. बाइक से जा रहे युवक को ओव्हरटेक करते हुये बदमाशो ने झपट्टा मारकर उसके गले से 1 लाख 80 हजार कीमती सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए. घटना के वक्त बदमाशो की बाइक से ठोकर लगने के कारण युवक के पैर मे चोट भी आई. इससे पहले की युवक की कुछ समझ पाता बदमाश मौके फरार हो गए. फिलहाल पीडित युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और अब उनकी पता तलाश में टीमे गठित कर जगह जगह दबिश दी जा रही है. दिनदहाडे चेन स्नेचिंग का यह मामला शहर के समान थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम करीबन 4 बजे समान ओव्हरब्रिज का है. घटना के संबंध पीडित युवक आदर्श कुमार मिश्रा निवासी रतहरा नें जानकारी देते हुये बताया कि शुक्रवार की शाम वह सिरमौर चौराहे से अपने घर रतहरा की ओर जा रहा था.

# रास्ता रोककर युवक के साथ मारपीट, तीन पर मामला दर्ज

## आंख के ऊपर आई गंभीर चोट, पुलिस विवेचना में जुटी

नवभारत न्यूज

**देवसर 6 जून। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम मजौना में शिव मंदिर के पास युवक का रास्ता रोककर गांव के सरहंगों ने मारपीट की। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता शुभम द्विवेदी उर्फ मोनू द्विवेदी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार 5 जून की शाम करीब 7 बजे अभिषेक द्विवेदी अपने चाचा राजकुमार द्विवेदी के साथ बोलेरो वाहन से मजौना शिव मंदिर के पास पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के निवासी जनक साकेत, श्रीनाथ साकेत एवं साजन साकेत वहां पहुंचे और रास्ता रोकर विवाद करने लगे।



आरोप है कि विवाद बढ़ने पर जनक साकेत ने हाथ में लिए किसी औजार से अभिषेक द्विवेदी के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर एवं आंख के ऊपर गंभीर चोट आई। घटना के दौरान राजकुमार द्विवेदी बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। वही जान से मारने एवं देख लेने की धमकी देने लगे। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। लिखित शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते-जाते आरोपियों ने दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। जियावन पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ए), 115(2), 351(2) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने अपहरण किये गये बच्चे को सकुशल बरामद किया

**शिवपुरी.** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में पूरन खेड़ी टोल प्लाजा पर वाहन जांच के दौरान शुक्रवार देर रात बस से पुलिस ने एक बच्चे का अपहरण करके ले जा रहे एक महिला, पुरुष तथा एक 13 वर्षीय लड़के को पकड़ा और उनसे बच्चा बरामद कर लिया.

**कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय सतना (म.प्र.)**

क्रमांक STALP07032611862 / दिनांक / 06/JUN/2026
क्र./2027 दिनांक 06/JUN/2026

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स - LAND OWNER'S -- SHRI DEVENDRA SINGH S/O LATE SHANKHDHAR SINGH, THROUGH AGREEMENT DEVELOPERS M/S SIGNATURE INFRAVENTURES LLP, THROUGH IT' S PARTNERS 1- SHRI NITIN TIWARI S/O SHRI J. M. TIWARI, 2- SHRI BIPIN PANDEY S/O SHRI YADUNATH PANDEY द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-

**(क) परियोजना का नाम :-** SIGNATURE GREENS

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) पूर्व स्वीकृत ग्राम Kripalpur तहसील Raghurajnagar व जिला Satna की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 1290/1/1/1/1, 1290/1/1/1/1/1/2/1 (S), 1290/1/1/1/1/1/2/2 (S) कुल रकबा 2.3491 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, GROUP HOUSING, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

**(ग) विकास का प्रयोजन :-** RESIDENTIAL, GROUP HOUSING, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

**(घ) स्वीकृति क्रमांक** STALP06022512489 दिनांक 2025-03-19

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=MYqQ1Cw9iI2027 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा websitehttps://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**उप संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला सतना (म.प्र.)**



# सातवें वर्ष भी बरकरार आरोहण का जादू

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जून। एनसीएल द्वारा आयोजित समर कैंप आरोहण का सातवां संस्करण इन दिनों बच्चों के बीच धूम मचा रहा है। इस शिविर में बच्चे न सिर्फ अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद ले रहे हैं, बल्कि नई-नई विधाओं में निपुण भी बन रहे हैं।**

यह समर कैंप एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में 21 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 7 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले रहे हैं। आरोहण समर कैंप के दौरान योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न खेल-कूद विधाओं, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, वालीबॉल, तैराकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, जूडो, कराटे, फुटबॉल, संगीत, नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष आरोहण समर कैंप के माध्यम से कुल 4,718 बच्चे और युवा लाभ उठा रहे हैं। वहीं पिछले कई दिनों से चल रहे इस कड़े अभ्यास और मस्ती के सफर का समापन आगामी 10 जून को किया जाएगा।

# ट्रैक्टर टायर के नीचे दब गया 14 साल का बालक

## जियावन थाना क्षेत्र के कुंदवार गांव के कोइलाफाठ टोला की घटना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जून। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम धौहनी निवासी एक 14 साल का किशोर टेंट सामग्रियों को लोड कर रहा था कि कुंदवार गांव के कोइलाफाठ टोला ने पीछे करते समय बालक राजेन्द्र यादव ट्रैक्टर टायर के चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना आज शनिवार के दिन सुबह 9 बजे की है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौहनी गांव निवासी राजेन्द्र यादव पिता तिलकराज यादव उम्र 14 वर्ष कुंदवार गांव के कोइलाफाठ टोला में आज सुबह ट्रैक्टर में टेंट सामग्री लोड कर रहा था कि महेन्द्रा ट्रैक्टर के चालक विश्वनाथ सिंह ने अचानक पीछे कर दिया, जहां किशोर बालक ट्रैक्टर ट्रॉली के टायर के नीचे दब गया और उसी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।



### महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ खाया जहरीला पदार्थ

सासन पुलिस चौकी के समीपी सिद्धीकला गांव में आज एक सनसनीखेज वारदात हुई। महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जहां महिला एवं 1 साल मासूम दुधमुहे बच्चे की मौत हो गई है। वहीं 2 साल की बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह पुलिस बता रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिद्धीकला निवासी अरूण कुमार बैस की पत्नी प्रमिला बैस उम्र 24 वर्ष ने अपने 1 साल के मासूम बच्चा श्रवण एवं 2 साल की बेटी तन्वी के साथ आज शाम के वक्त जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली है।

# युवक के मौत के बाद ट्रक वाहन पर कार्रवाई करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जून। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के तियरा में बीती रात सड़क पर खराब हाईवा वाहन से बाईक सवार दो युवक टकरा गए थे, जिसमें परसदेही निवासी मनोज शाह पिता उमेश शाह उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई थी।**

वहीं दूसरा युवक परविंदर कुमार शाह पिता सुरेन्द्र शाह उम्र 23 वर्ष घटना में घायल हो गया। इस घटना के बाद निजी अस्पताल बैढ़न में जमकर हंगामा हुआ। इस संबंध में कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा उक्त घटना के मामले में जांच करने का आदेश दिया गया था। जहां प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संबंधित भारी वाहन ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 2502 लंबे समय से सड़क पर खड़ा था, जिससे टकराने के कारण युवक की दुखद मृत्यु हो गई।



कलेक्टर ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वाहन लंबे समय से सड़क पर खड़ा होना उक्त ट्रांसपोर्टर की लापरवाही दर्शाता है। संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसके फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं परमिट निरस्त करने की कारवाही शुरू। कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने प्रकरण तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को भेजा।